हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 24 अप्रैल 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों, विशेषकर पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं।

एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री राधाकृष्णन ने कहा कि पंचायती राज जमीनी स्तर के लोकतंत्र और सहभागी शासन की भावना का प्रतीक है, स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाता है और समावेशी विकास को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवर्तन को आगे बढ़ाने में पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका है।उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह दिन देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने और सभी के लिए सतत विकास प्राप्त करने की दिशा में नए सिरे से प्रयास करने के लिए प्रेरित करता है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में खिलौना उद्योग को बढ़ावा देने के लिए 250 से 300 एकड़ में एक विशेष क्लस्टर विकसित किया जाएगा। इससे न केवल हरियाणा के उद्योग जगत को नई पहचान मिलेगी बल्कि निर्यात बढ़ने से देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी।मुख्यमंत्री ने कल शाम नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि नई दिल्ली में हरियाणा की नई उद्योग नीति 2026 के मसौदे को अंतिम रूप देने के लिए उद्योगपतियों के साथ हुई दो दिवसीय उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। जिसमें करीब 40 प्रतिनिधिमंडलों ने नीति के प्रावधानों की सराहना की और अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए, जिन्हें अब अंतिम मसौदे में शामिल किया जाएगा।

पलवल पुलिस ने जिला गुरुग्राम में दर्ज करोड़ों रुपये कीमत के इलेक्ट्रॉनिक सामान के गबन व चोरी के मामले में एक अन्तर्राज्यीय गिरोह के सरगना सहित 3 आरोपियों को काबू किया

है। उनसे करोड़ों रुपयों के कीमत के इलेक्ट्रॉनिक सामान की बरामदगी भी की गई है।पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने आज एक पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया-

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है। अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डॉ जयदीप आर्य ने पंचकूला मे आयोग कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।बैठक के दौरान राज्य में योग, प्राकृतिक चिकित्सा एवं योगासन के प्रचार-प्रसार एवं समग्र विकास के लिए गहन मंथन हुआ ।

बैठक में शिक्षा पाठ्यक्रम में योग को लागू करने हेतु शिक्षा विभाग से रिपोर्ट मांगी गयी एवं आगामी कार्यवाही हेतु चर्चा की गई। माध्यमिक शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभाग की संयुक्त बैठक का प्रस्ताव किया गया ताकि विद्यालयों , महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में योग पाठ्यक्रम को सुव्यवस्थित किया जा सके। शिक्षा विभाग के पूर्व में प्रशिक्षित लगभग 25,000 पीटीआई व डीपीई के लिए संबंधित विभाग द्वारा आगामी महीनों में विशेष योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें तकनीकी सहयोग हरियाणा योग आयोग द्वारा प्रदान किया जाएगा।

शिक्षा विभाग द्वारा एक एडवाइजरी जारी करने का प्रस्ताव भी रखा गया, जिसके तहत प्रातःकालीन सभा के बाद 15 मिनट सामान्य योग गतिविधियां अनिवार्य की जाएं।उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को पत्र जारी कर 15 मिनट का योग सत्र अनिवार्य करने का प्रस्ताव भी रखा गया।

कैथल जिले में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत आयुष विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया । इसके तहत सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों , स्वास्थ्य केंद्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए । अभियान के दौरान आमजन को पहले छह वर्षों में बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। । ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध औषधीय पौधों की पहचान कर उनके गुणों और उपयोग के बारे में भी बताया गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आज सनातन धर्म मंदिर कैथल में सुपरवाइजरों के लिए एक विशेष योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया गया। आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. रमेश कुमार ,आयुष योग सहायक संजू आर्य और कनिका ने प्रतिभागियों को योग प्रोटोकॉल का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण शिविर में सुपरवाइजरों को सूर्य नमस्कार, सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम और ध्यान जैसी विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया।